अलवर भास्कर 04-05-2024

ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज ने लगाया स्वास्थ्य शिविर

. अलवर. स्वास्थ्य शिविर में मौजूद लोग।

अलवर| ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज के क्षेत्रीय व्यावसायिक रोग केंद्र तथा महानिदेशालय कारखाना सलाह और श्रम संस्थान (डीजीएफएएसएलआई) ने हैवल्स इंडिया लिमिटेड में मेडिकल कैंप लगाया। क्षेत्रीय श्रमिक संस्थान कानपुर के उप निदेशक डॉ. अर्का प्रभा साहू ने ऑनलाइन माध्यम से औद्योगिक क्षेत्रों में कामकाज के दौरान होने वाली बीमारी तथा चोटों के बारे में जानकारी दी। ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. प्रोफेसर असीम दास के निर्देशन में आरओडीसी के नोडल ऑफिसर डॉ. सरोज कुमार सुमन ने भी चिकित्सा सुविधाओं से संबंधित जानकारी दी। कैंप में फैक्ट्री के लगभग 100 लोगों ने भाग लिया। डॉ. सरोज कुमार सुमन ने बताया कि आगे आने वाले दिनों में फैक्ट्री हेल्थ एडॉप्शन प्रोग्राम के तहत 35 अडॉप्टेड फैक्ट्री में भी इस तरह का सेमिनार का आयोजन किया जाएगा।